# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मकान नं0-1 व 2, निकट महिला आई0टी0आई0 कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001
E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com

डाउनलोड जल सारथी ऐप


पत्रांक : 1828/ M-20 /106 दिनांक 12/8/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय :- <u>ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 10.08.2026 के पेपर में प्रकाशित "टोटी न होने से 24 घंटे बह रहा पानी, गंदगी फैली" के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 10.08.2026 के पेपर में प्रकाशित "टोटी न होने से 24 घंटे बह रहा पानी, गंदगी फैली" शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है:–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| रायबरेली के राही ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत खागीपुर सड़वा में सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना सवालों के घेरे में है। यहां लगा एक सामुदायिक नल बिना टोटी के 24 घंटे पानी बहा रहा है, जिससे भारी मात्रा में पानी की बर्बादी हो रही है और आसपास गंदगी व कीचड़ फैल गया है।<br>इस नल पर "हर घर जल", जल जीवन मिशन, जिला रायबरेली, ग्राम पंचायत खागीपुर सड़वा अंकित है। हालांकि, टोटी न लगे होने के कारण ग्रामीण इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। नल से लगातार बहता पानी सड़क पर फैलकर बर्बाद हो रहा है।<br>ग्रामीणों में इस स्थिति को लेकर गहरा आक्रोश है। राकेश कुमार, सुरेश और अमरेंद्र नामक ग्रामीणों ने बताया कि नल लगने के दिन से ही इसमें टोटी नहीं है। उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव से इसकी शिकायत की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।<br>ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी राही और जिला प्रशासन से मांग की है कि गांव के सभी नलों की तत्काल जांच कराई जाए। उन्होंने टोटी लगवाने और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार दोषियों पर कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ आम लोगों तक पहुंच सके। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन परियोजना के अंतर्गत जनपद रायबरेली के विकास खण्ड–राही की ग्राम पंचायत खागीपुर सड़वा में खागीपुर सड़वा पेयजल योजना से ग्राम में जलापूर्ति की जाती है। उक्त प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में विभाग द्वारा मौके पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित नल पर टोंटी लगा दी गई है (फोटो संलग्न)। जिससे अनावश्यक रूप से पानी बर्बाद न हो। यह भी अवगत कराना है कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा बार–बार टोटी को तोड़ दिया जाता है, जिसके कारण पानी का अनावश्यक रूप से बहाव एवं बर्बादी होती है।<br><br> |

संलग्नक–पेपर कटिंग

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपराक्तानुसार।
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।
1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

# खागीपुर सड़वा में जल जीवन मिशन का नल:टोटी न होने से 24 घंटे बह रहा पानी, गंदगी फैली

**शैलेन्द्र कुमार यादव | अकबरपुर कच्छवाह (सदर तहसील), रायबरेली**2 दिन पहले



रायबरेली के राही ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत खागीपुर सड़वा में सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना सवालों के घेरे में है। यहां लगा एक सामुदायिक नल बिना टोटी के 24 घंटे पानी बहा रहा है, जिससे भारी मात्रा में पानी की बर्बादी हो रही है और आसपास गंदगी व कीचड़ फैल गया है।

इस नल पर "हर घर जल, जल जीवन मिशन, जिला रायबरेली, ग्राम पंचायत खागीपुर सड़वा" अंकित है। हालांकि, टोटी न लगे होने के कारण ग्रामीण इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। नल से लगातार बहता पानी सड़क पर फैलकर बर्बाद हो रहा है।

ग्रामीणों में इस स्थिति को लेकर गहरा आक्रोश है। राकेश कुमार, सुरेश और अमरेंद्र नामक ग्रामीणों ने बताया कि नल लगने के दिन से ही इसमें टोटी नहीं है। उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव से इसकी शिकायत की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

राकेश कुमार ने कहा, "पानी ऐसे ही बहता रहता है। गर्मी में भी पीने के लिए पानी नहीं मिलता और कीचड़ के कारण बच्चे गिर जाते हैं।" सुरेश ने अधिकारियों पर कागजों में योजनाएं दिखाने का आरोप लगाया, जबकि अमरेंद्र ने जल्द टोटी न लगने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी राही और जिला प्रशासन से मांग की है कि गांव के सभी नलों की तत्काल जांच कराई जाए। उन्होंने टोटी लगवाने और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार दोषियों पर कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ आम लोगों तक पहुंच सके।